प्रीलिम्स फैक्ट्स: 01 जून, 2020

- विश्व तंबाकू निषेध दिवस
- भारत का राष्ट्रीय AI पोर्टल
- कांगड़ा चाय
- नंबर-18- फ्लाइंग बुलेट्स

विश्व तंबाकू निषेध दिवस

World No Tobacco Day

प्रत्येक वर्ष 31 मई को विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) और वैश्विक साझेदारों द्वारा विश्व तंबाकू निषेध दिवस (World No Tobacco Day-WNTD) मनाया जाता है।

थीम:

- वर्ष 2020 के लिये इस दिवस की थीम **युवाओं को तंबाकू आधारित उद्योगों की नकली वस्तुओं से बचाना और उन्हें तंबाकू और निकोटीन के उपयोग से रोकना**' (Protecting Youth From Industry Manipulation and Preventing Them From Tobacco and Nicotine Use) है।

उद्देश्य:

- इसका उद्देश्य तंबाकू के हानिकारक उपयोग एवं प्रभाव के विषय में जागरूकता फैलाना तथा किसी भी रूप में तंबाकू के उपयोग को हतोत्साहित करना है।

प्रमुख बिंदु:

- तंबाकू गंभीर और अक्सर घातक स्थितियों जैसे कि हृदय रोग और फेफड़ों में कैंसर उत्पन्न करने वाले मुख्य कारणों में से एक है।

तंबाकू में प्रयोग होने वाले रासायनिक यौगिक:

- तंबाकू के धुएँ में हज़ारों रसायन पाए जाते हैं, जिनमें कम-से-कम 70 रसायन कैंसर का कारण बनते हैं।
- तंबाकू के धुएँ में पाए जाने वाले कुछ रसायनों में निकोटीन, हाइड्रोजन साइनाइड, फॉर्मलडेहाइड, लेड/सीसा, आर्सेनिक, अमोनिया, रेडियोधर्मी तत्त्व जैसे- यूरेनियम, बेंजीन, नाइट्रोसेमिन (Nitrosamine), कार्बन मोनोऑक्साइड, पॉलीसाइक्लिक एरोमेटिक हाइड्रोकार्बन (Polycyclic aromatic hydrocarbons-PAHs) शामिल हैं।

भारत का राष्ट्रीय AI पोर्टल

National AI Portal of India

केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रसारण मंत्रालय (Union Ministry for Electronics and IT) ने www.ai.gov.in नामक भारत का राष्ट्रीय कृत्रिम बुद्धिमत्ता (AI) पोर्टल लॉन्च किया।

प्रमुख बिंदु:

- यह पोर्टल 'केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रसारण मंत्रालय' और 'आईटी उद्योग' द्वारा संयुक्त रूप से विकसित किया गया है।
- केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रसारण मंत्रालय के राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस डिवीज़न और आईटी उद्योग निकाय 'नैसकॉम' (NASSCOM) मिलकर इस पोर्टल को चलायेंगे।
    - नैसकॉम (National Association of Software and Services Companies -NASSCOM) भारत के सूचना प्रौद्योगिकी तथा बीपीओ का एक व्यापारिक संघ है। इसकी स्थापना वर्ष 1988 में हुई थी। यह एक लाभ-निरपेक्ष (non-profit) संस्था है।
- यह पोर्टल भारत में AI से संबंधित संसाधनों के साझाकरण करने हेतु भारत में AI से संबंधित विकास के लिये एक 'स्टॉप डिजिटल प्लेटफॉर्म' के रूप में काम करेगा।
- यह पोर्टल दस्तावेज़ों, केस स्टडी, शोध रिपोर्टों आदि को भी साझा करेगा।
- इस अवसर पर इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री ने युवाओं के लिये एक राष्ट्रीय कार्यक्रम '**युवाओं के लिये ज़िम्मेदार AI**' भी लॉन्च किया।
    - इस कार्यक्रम का **उद्देश्य** देश के युवा छात्रों को एक मंच प्रदान करना है और उन्हें नए युग के तकनीकी दिमाग, प्रासंगिक AI कौशल विकास एवं आवश्यक AI टूल-सेट तक पहुँच प्रदान करना है ताकि उन्हें भविष्य के लिये डिजिटल रूप से तैयार किया जा सके।

कांगड़ा चाय

Kangra Tea

COVID-19 के मद्देनज़र राष्ट्रव्यापी लॉकडाउन और हाल ही में आई कोलकाता में बाढ़ के कारण कांगड़ा चाय (Kangra Tea) का उत्पादन करने वाले किसानों को परिवहन लागत बढ़ने के कारण आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है।

प्रमुख बिंदु:

- कांगड़ा चाय (Kangra Tea) का उत्पादन हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा ज़िले में किया जाता है।
- इसे अपने अनूठे रंग और स्वाद के लिये खास तौर से जाना जाता है।
- इसे भौगोलिक संकेत (Geographical Indication-GI) टैग प्रदान किया गया है।
- इसमें एंटीऑक्सिडेंट जैसे- कैचिंस (Catechins) और पॉलीफिनोल्स (Polyphenols) की भरपूर मात्रा पाई जाती है।
- इसका उपयोग सैंनेटाइज़र, साबुन, सिरका, वाइन आदि बनाने में भी किया जाता है।

नंबर-18- फ्लाइंग बुलेट्स

Number-18– Flying Bullets

भारतीय वायुसेना कोयंबटूर के निकट सुलूर बेस पर 'लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट' (LCA) के बेड़े जिसमें LCA तेज़स जैसे लड़ाकू विमान शामिल हैं, के साथ अपने स्क्वाड्रन को संचालित करने के लिये तैयार है जिसे 'नंबर-18 फ्लाइंग बुलेट्स' (Number-18– Flying Bullets) कहा जाता है।

प्रमुख बिंदु:

- इसे वायु सेना प्रमुख 'एयर चीफ मार्शल' द्वारा लॉन्च किया गया।
- इस स्क्वाड्रन का आदर्श वाक्य 'तीव्र और निर्भय' है।
- यह आधुनिक बहु-भूमिका वाले हल्के लड़ाकू विमान के साथ संचालन करने वाला दूसरा भारतीय वायु सेना स्क्वाड्रन होगा।
- वर्ष 1965 में नंबर-18-स्क्वाड्रन का गठन किया गया था।
- LCA तेज़स 4 पीढ़ी का एक टेललेस (Tailless), कंपाउंड डेल्टा-विंग एयरक्राफ्ट है जिसे 'हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड' द्वारा विकसित किया गया है।
    - इस सुपरसोनिक लड़ाकू विमान को सबसे हल्का और अपनी तरह का सबसे छोटा विमान माना जाता है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/prelims-facts-01-june-2020